भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 276

जिसका उत्तर 3 फरवरी, 2021 को दिया जाना है।

14 माघ, 1942 (शक)

डिजिटल ग्राम

276. श्री खगेन मुर्मु :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का अगले पांच वर्षों में सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) की सहायता से 1,00,000 गांवों को डिजिटल ग्रामों में बदलने का विचार है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री संजय धोत्रे)

(क) और (ख): जी, हां। इस परियोजना का लक्ष्य 1 लाख से अधिक गांवों को डिजिटल गांवों में बदलने के लिए भारत नेट-समर्थित कनेक्टीविटी का प्रभावशाली रूप से उपयोग करना है। इसे शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल, कृषि, ग्रामीण ई-वाणिज्य, वित्तीय समावेशन इत्यादि में सेवाओं तक सुगम अभिगम कर और उनकी सक्षम प्रदायगी को सुकर बनाने के लिए आधारभूत एजेंसियों का उपयोग कर प्राप्त किये जाने की परिकल्पना की गई है।

****